भारत बना दुनिया का दूसरा स्टार्टअप हब : प्रधानमंत्री

आईआईटी कानपुर के 54वें दीक्षांत समारोह में पीएम ने छात्रों से कहा-आपके पास अब पूरे विश्व में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में काम करने का मौका

अमर उजाला ब्यूरो

कानपुर। आईआईटी के 54 वें दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों से कहा कि आजादी के 75वें साल में देश के पास 75 से अधिक यूनिकोर्न्स (वैश्विक स्तर पर पहचान बनाने वाले स्टार्टअप) और 50 हजार से अधिक स्टार्टअप हैं। इनमें से 10 हजार से अधिक स्टार्टअप तो केवल पिछले छह महीने में ही शुरू हुए हैं। भारत दुनिया का दूसरा स्टार्टअप हब बन गया है। तकनीक का युग है। उन्होंने छात्रों से कहा कि आपने जवानी के इतने महत्वपूर्ण साल तकनीक का एक्सपर्ट बनने में लगाए हैं। आपके पास इससे बड़ा अवसर और क्या होगा, जब आपके पास देश के साथ पूरे विश्व में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में काम करने का मौका है।

कानपुर में पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लोगों का अभिवादन किया। -संवाद

एआई क्षेत्र में काम करने का है स्कोप

पीएम ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई), एनर्जी एंड क्लाइमेट सॉल्यूशन, हाईटेक इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में काम करने का स्कोप है। स्वास्थ्य क्षेत्र में भी तकनीक हावी है। आप लोग डिजिटल बायोलॉजी के युग में हैं, रोबोट असिस्टेंट ट्रीटमेंट के दौर में पैर रख रहे हैं। यहां तक कि डिजास्टर मैनेजमेंट में चुनौतियों का सामना भी तकनीक की मदद से कर रहे हैं।

अवैध हथियारों के गैंग के लिए बदनाम यूपी अब डिफेंस कॉरिडोर का कर रहा है निर्माण

मोदी ने रेलवे मैदान में15 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं के लोकार्पण के अवसर पर कहा कि पिछली सरकारों और वर्तमान की डबल इंजन सरकार के काम में फर्क साफ दिखता है। उन्होंने कहा जो यूपी अवैध हथियारों के गैंग के लिए बदनाम था, वही यूपी अब डिफेंस कॉरिडोर का निर्माण कर रहा है।

मोदी ने कानपुर को दी मेट्रो की सौगात, आज से सेवा शुरू

कानपुर। शहरवासियों का मेट्रो ट्रेन में सफर करने का इंतजार आखिर खत्म हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को निरालानगर स्थित रेलवे मैदान से मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। बुधवार सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक चार मेट्रो ट्रेनें आईआईटी से मोतीझील के बीच दौड़ने लगेंगी। उधर, आईआईटी स्टेशन पर स्कूली बच्चों को लेकर तैयार खड़ी मेट्रो प्रधानमंत्री के हरी झंडी दिखाते ही चल पड़ी। यहां से मोतीझील तक गई और वापस आईआईटी तक आई। नौ किलोमीटर लंबे रूट पर मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाने आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे पहले यात्री बने। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय शहरी व आवास मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ गीतानगर तक मेट्रो में सफर किया। इसके बाद सड़क मार्ग से रैली स्थल पहुंचे और मेट्रो का शुभारंभ किया। सबसे पहले वे आईआईटी के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। ब्यूरो